Order Sheet (Subsequent)

CNR NUMBER ....

Number of Case .... Year ....

.... Versus ....

Date	Order with initials of Presiding Officer	Brief note of ... of the ...
3/6/24	पत्रावली पेश हुई । वादी/प्रतिवादी अधिवक्ता उपस्थित/अनुपस्थित । पत्रावली में आज कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं होने के कारण इन्तजार होकर पत्रावली पूर्व आदेशिकानुसार दिनांक 18/6/24 को पेश हो।	
18/06/24	पत्रावली पेश। अधि॰ प्रार्थी उप॰। अप्रार्थीगण की ओर से लंबे समय से जवाब पेश नहीं। चूंकि पत्रावली। प्रा॰ पत्र विगत 12 माह से लंबित है, जो न्यायसंगत नहीं है। अतः अप्रार्थीगण के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाती है। एकपक्षीय बहस सुनी गई। मुताबिक बहस अधि॰ प्रार्थी - "ग्राम डांगियावास, ख॰ सं॰ 1561 (36 बीघा 05 बिस्वा), ख॰ सं॰ 239 (15 बीघा 05 बिस्वा), ख॰ सं॰ 342 (05 बीघा 18 बिस्वा), भूमि प्रार्थी, अप्रार्थी सं॰ 01 ता 03 की संयुक्त खातेदारी में दर्ज है। प्रार्थी की बहन एवं माता की रजामंदी से प्रार्थी, अप्रार्थी सं॰ 01 विवादित भूमि के 1/2-1/2 हि॰ पर काबिज है। अप्रार्थी सं॰ 01 बिना बंटवारा भूमि का बेचान करना चाहता है। अप्रार्थी सं॰ 01, अप्रार्थी सं॰ 02 व 03 का हि॰ भी बेचान करना चाहता है। अतः अप्रार्थी सं॰ 01 ता 03 को पाबंद किया जावे कि वे प्रार्थी के कब्जा-काश्त में दखल ना करें तथा मौका एवं record की यथास्थिति बनाए रखें।" उपरोक्त बहस, दस्तावेजों, तथ्यों के आधार पर प्रा॰ पत्र का निस्तारण	

Order Sheet (Subsequent)

CNR NUMBER ....

Number of Case .... Year ....

.... Versus ....

Date	Order with initials of Presiding Officer	Brief note of compliance of the Order
	निम्नानुसार किया जाता है- "यदि बिना विधिक विभाजन विवादित भूमि के विशेष भू-भाग का बेचान किया जाता है तो प्रार्थी को अपूरणीय क्षति होने की प्रबल संभावना है। प्रथम-दृष्टया मामला एवं सुविधा-का संतुलन प्रार्थी के पक्ष में साबित होते हैं क्योंकि प्रार्थी recorded खातेदार है। अतः प्रा-पत्र आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए तार्फैसला मूलवाद अप्रार्थी सं. 01 ता 03 को पाबंद किया जाता है कि वे ग्राम डांगियावास ख. सं. 150/1, 239, 349 के बिना विधिक विभाजन हुए विशेष भू-भाग दर्शाते हुए बेचान ना करें।" आदेश पढ़कर सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल-दफ्तर हो। Priyanka सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) जोधपुर सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक) • जोधपुर सत्यमेव जयते	